जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/946 दिनांक 17.05.2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

अत्यावश्यक

विषयः–विश्वविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर परीक्षाओं एवं ए0टी0के0टी0 सेमेस्टर परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल प्रथक–प्रथक पैक कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि वर्तमान में विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षायें सम्पन्न की जा रही हैं। इन सेमेस्टर परीक्षाओं में निम्न वर्गो के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होते है। उदाहरण के लिए

1. बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित एवं भूतपूर्व परीक्षार्थी)
2. बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (ए0टी0के0टी0–एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली)
3. बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (ए0टी0के0टी0 पुराना–पाठ्यक्रम)।

विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त तीनों वर्गो के परीक्षार्थियों के प्रथक–प्रथक परीक्षा परिणाम तैयार कर घोषित किये जाते है।

अतः आपसे अनुरोध है कि यदि आपके परीक्षा केन्द्र पर उपरोक्त वर्गो के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है। तो उनकी उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल प्रथक–प्रथक पैकिंग कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। तथा यह सुनिश्चित करें, कि उन उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों पर कक्षा का नाम जैसे बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (ए0टी0के0टी0–एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) तथा विषय कोड स्पष्ट रूप से अंकित किया गया हो। जिससे परीक्षा परिणामों को तैयार करने में व्यवधान उत्पन्न न हो।

प्रायः यह देखा गया है कि परीक्षा केन्द्रों से मुख्य परीक्षाओं और ए0टी0के0टी0 परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकायें एक ही बण्डल में पैक कर विश्वविद्यालय को प्रेषित की जाती है। जिससे परीक्षा परिणाम तैयार करने में विश्वविद्यालय को अत्याधिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

आशा है कि आप प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त कार्य को सम्पन्न कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करेगें।

परीक्षा नियंत्रक